संपादकीय

# लोकतंत्र स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं।

गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें।

कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है।

इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है।

यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है।

इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तईं कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

# रिलायंस जियो ने बनाया नया रिकॉर्ड, इस मामले में बना दुनिया का नंबर एक ऑपरेटर

नई दिल्ली




भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गई है।

टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली फर्म टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूसरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गयी है। चाइना मोबाइल के नेटवर्क पर आलोच्य अवधि में डेटा खपत 40 एक्साबाइट से भी कम रही।

चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम डेटा खपत के मामले में तीसरे नंबर पर, तो भारत की एयरटेल चौथे नंबर पर रही। रिलायस जियो के एक अधिकारी ने कहा, 5जी सेवाओं के शुरु होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। इस उछाल की मुख्य वजह है जियो का ट्रू 5जी नेटवर्क और जियो एयर फाइबर का विस्तार।

रिलायंस जियो के तिमाही नतीजों के मुताबिक जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और जियो के कुल डेटा ट्रैफिक का करीब 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है। दूसरी तरफ जियो एयर फाइबर ने भी देश भर के 5,900 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं।

सोमवार को जारी तिमाही नतीजों में कंपनी ने जो आंकड़े मुहैया कराए हैं उनके मुताबिक जियो नेटवर्क पर प्रति ग्राहक मासिक डेटा खपत बढ़कर 28.7 जीबी हो गई है, जो तीन साल पहले केवल 13.3 जीबी थी। गौरतलब है कि 2018 में भारत में एक तिमाही का कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक मात्र 4.5 एक्साबाइट था।

# कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में 14 साल के शीर्ष पर, नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन

नई दिल्ली



मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढक़र 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था।

पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है।

अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दिखा है।

**नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन-** बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों से नौकरियों में वृद्धि को समर्थन मिला, जो विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक था। यह डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ी। हालांकि मांग की मजबूती से खर्चों का भार ग्राहकों पर डाल दिया गया। सर्वे के अनुसार, महंगाई इतनी तेजी से नहीं गिर सकती कि आरबीआई किसी भी समय दर में कटौती पर विचार करना शुरू कर दे।

# नीलामी प्रक्रिया से जारी रहेगा स्पेक्ट्रम आवंटन, केवल सीमित मामलों में प्रशासनिक आवंटन

नई दिल्ली

स्पेक्ट्रम मामले में स्पष्टीकरण के लिए उच्चतम न्यायालय में विभिन्न मुकदमे लंबित हैं। इस बीच, सूत्रों ने जानकारी दी कि मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन नीलामी प्रक्रिया के जरिए जारी रहेगा। जैसाकि संसद द्वारा विधिवत पारित दूरसंचार अधिनियम 2023 में अधिनियम किया गया है। उन्होंने कहा कि केवल सीमित और संकीर्ण रूप से परिभाषित मामलों में ही प्रशासनिक आधार पर स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाता है। इन चुनिंदा मामलों में पुलिस संगठनों के लिए वॉकी-टॉकी, मौसम पूर्वानुमान के लिए रडार, जहाजों के लिए रड़ार और संचार और अंतरिक्ष और उपग्रह अनुप्रयोगों के लिए संचार, सेना, वायु सेना और नौसेना के लिए संचार और रडार और बीएसएनएल जैसे सार्वजनिक सेवा की इकाईयां हैं। एक सूत्र ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय में आवेदन मुख्य रूप से स्पष्टीकरण के लिए हैं। संसद में दूरसंचार विधेयक पेश करने से पहले उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदन उच्चतम न्यायालय में दायर किया गया।

# गर्मी में चुनावों के कारण इस साल चीनी की रिकॉर्ड खपत

❑ गन्ना किसानों को समय पर मिल सकता है भुगतान

नई दिल्ली



भीषण गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से देश में इस साल चीनी की खपत बढक़र रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। अधिक खपत से न सिर्फ चीनी उत्पादक कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा बल्कि गन्ना किसानों को समय पर भुगतान करने में मदद मिलेगी। हालांकि, चीनी की मांग बढऩे से घरेलू बाजार में इसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लि. के प्रबंध निदेशक प्रकाश नाइकनवरे ने कहा, गर्मी के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों की वजह से चीनी की मांग में असामान्य वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे इस साल चीनी की कुल खपत बढक़र रिकॉर्ड 2.9 करोड़ टन पहुंच सकती है। 30 सितंबर को समाप्त विपणन वर्ष 2022-23 में कुल खपत 2.78 करोड़ टन रही थी।

**रैलियों के कारण मांग औसत से ज्यादा-** बलरामपुर चीनी मिल्स की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने कहा, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। इस बीच हो रही सियासी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटने से आइसक्रीम और शीतल पेय की खपत बढ़ गई है, जिससे चीनी की मांग औसत से ज्यादा है।

**75 लाख टन खपत का अनुमान-** मुंबई स्थित एक डीलर ने बताया, मार्च के मध्य से जून तक गर्मी के महीनों में कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम की मांग बढ़ जाती है। इससे देश में अप्रैल-जून के दौरान चीनी की खपत बढक़र 75 लाख टन पहुंच सकती है। यह सालाना आधार पर 5 फीसदी ज्यादा है।

**तीन फीसदी बढ़े दाम-** बॉम्बे शुगर मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा, सरकार ने पिछले साल की तुलना में अप्रैल के लिए अधिक कोटा आवंटित किया है। लेकिन, थोक उपभोक्ताओं की मजबूत मांग से एक पखवाड़े में चीनी के दाम करीब तीन फीसदी बढ़ गए हैं।

# ऋतुराज के शतक पर भारी पड़ी स्टोइनिस की सेंचुरी, लखनऊ ने चेन्नई को उसके घर पर 6 विकेट से हराया

चेन्नई

केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर पर 6 विकेट से हरा दिया है. मंगलवार की रात चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई और लखनऊ के बीच एक कांटे की टक्कर वाला मुकाबला खेला गया. जहां, मार्कस स्टोइनिस ने कमाल की शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को एक अहम जीत दिलाई. इस जीत के साथ ही लखनऊ अब प्वॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंच गई है.

चेन्नई सुपर किंग्स के दिए 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने 3 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया. लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, क्योंकि क्विंटन डी कॉक बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे. वहीं पावर प्ले में दूसार विकेट केएल राहुल के रूप में गिरा, जो 14 गेंदों पर 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गए.

इसके बाद देवदत्त पडिक्कल 13(19), निकोलस पूरन 34(15) पर आउट हुए. लखनऊ की इस जीत का पूरा क्रेडिट ऑलराउंडर खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस को जाता है, जिन्होंने कमाल की शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई. मार्कस ने 63 गेंदों पर 124 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 13 चौके और 6 छक्के लगाए.



चेन्नई सुपर किंग्स की पारी की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवरों में 210/4 का स्कोर बनाया था. चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाई थी, क्योंकि पावर प्ले में ही 2 विकेट गिर गए. पहले अजिंक्य रहाणे 1(3) और डेरिल मिचेल 11(10) के स्कोर पर चलते बने. फिर नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए आए रविंद्र जडेजा उम्मीद पर खरे नहीं उतर पाए और 19 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हो गए.

चेन्नई के लिए ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने मिलकर शतकीय साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम किरदार निभाया. जहां, शिवम 27 गेंदों पर 3 चौके और 7 छक्के जडक़र 66 रन बनाकर आउट हुए. महेंद्र सिंह धोनी आखिर में आए और उन्होंने सिर्फ 1 गेंद खेली, जिसे चौके के लिए बाउंड्री पार भेजा. चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कमाल का शतक लगाया था. वह 60 गेंदों पर 108 रन बनाकर नाबाद लौटे. लेकिन, अंत में गायकवाड़ का शतक बेकार गया, क्योंकि चेन्नई मैच हार गई.

# विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुईं स्वीयाटेक

मैड्रिड



दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाडिय़ों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी। स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीजऩ में आठ सप्ताह की अवधि को छोडक़र जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी। उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी। लेकिन कुल मिलाकर यह एक तरह का मज़ा है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन जिम्मेदारियों से भरा रहने वाला है। राजकीय पक्ष में लोगों का सहयोग तो मिलेगा ही साथ ही आगे बढऩे का प्रोत्साहन भी मिलेगा। आज ऑफिस में दोस्त आपके प्रोजेक्ट से काफी आश्चर्यचकित होंगे।

***वृष :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज कार्य क्षेत्र में आपको सफलता मिलती रहेगी। आपको निरंतर मेहनत करने की अवश्यकता है। आज आपके कुछ दोस्त आपसे मिलने घर आ सकते हैं।

***मिथुन :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा। आज पारिवारिक खुशियों में बढ़ोतरी होगी। आज किसी खास कार्य की जानकारी किसी बड़े से लेंगे। इससे उन्हें गर्व महसूस होगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आमदनी के बढ़ते आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आप उनका भरपूर फायदा उठाएंगे। आज आपके रुके हुए कार्य किसी दोस्त की मदद से पूरे होंगे।

***सिंह :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। प्रॉपर्टी डीलर्स को आज कोई बड़ी डील हाथ लगेगी, जिससे भविष्य में आपको अधिक लाभ होगा। आज घर का माहौल बदलने के लिए आप पार्टी कर सकते हैं।

***कन्या :*** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे, साथ ही आपके निर्णय में उनका भरपूर सपोर्ट मिलेगा। अगर आपका कोई कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा।

***तुला :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। भाई-बहनों में आपसी मेलजोल बढ़ेगा। इस राशि के प्रतियोगी परिक्षा के छात्रों को कामयाबी तक पहुंचने में सफलता मिलेगी। आज घरवाले किसी काम से आपकी सलाह लेंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से अपने मन की बात कहेंगे, जिससे आपका मन हल्का होगा। बिना किसी अनुभावी की राय लिए आपको बिजनेस शुरू नहीं करना चाहिए। आज ऑफिस में कुछ नए लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है।

***धनु :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बड़ों का सम्मान करेंगे। लम्बे समय से स्वास्थय सम्बंधित समस्या से परेशान लोगों को काफी हद तक आराम मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आपको सकारात्मक परिवर्तन दिखेंगे।

***मकर :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपने शरीर को थोड़ा आराम देना चाहिए, अनावश्यक सोच-विचार करने से बचना चाहिए। आज भाई आपसे किसी जरुरी मसले पर आपकी राय लेंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। छोटी-छोटी बातों में आज आपको उलझने से बचना चाहिए। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही आपका पद भी बढऩे की उम्मीद है।

***मीन :*** आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला है। आय में वृद्धि के अनेकों मार्ग मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और मजबूत बनेगी। आज किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, इससे परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

# रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड थलाइवर171 का टाइटल कूली का टीजर रिलीज, जोरदार एक्शन में दिखे सुपरस्टार




पैन इंडिया सुपरस्टार रजनीकांत की थलाइवर 171 मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. फैंस इसकी हर एक अपडेट के इंतजार में रहते हैं. इसके कलाकारों की अनाउंसमेंट करने के बाद अब मेकर्स फाइनली इसके टाइटल को रिवील करने वाले हैं वो भी शानदार टीजर के साथ. हाल ही में मेकर्स ने थलाइवा की अपकमिंग फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया और साथ ही इसके टाइटल को रिवील करने की अनाउंसमेंट किया. अब फाइनली इसका नाम रिवील हो गया है.

रजनीकांत की 171वीं फिल्म के टाइटल का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. अब आखिरकार उनका इंतजार खत्म हुआ और थलाइवा की फिल्म का नाम सामने आ गया है. मेकर्स ने जबरदस्त टीजर के साथ फिल्म का नाम रिलीज किया है. थलाइवर 171 का टाइटल अब कूली है. रिलीज किए गए टीजर में रजनीकांत शानदार लुक में दिखाई दे रहे हैं. एक्शन से भरपूर टीजर दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है.

रजनीकांत की 171वीं फिल्म के टाइटल का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. अब आखिरकार उनका इंतजार खत्म हुआ और थलाइवा की फिल्म का नाम सामने आ गया है.

# धनुष ने रिलीज किया अपनी अपकमिंग फिल्म कुबेर का पोस्टर, पहचान में नहीं आ रहे एक्टर



तमिल सुपरस्टार धनुष ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आनेवाली फिल्म 'कुबेर' का पोस्टर शेयर किया है. पोस्टर में अभिनेता को अस्त-व्यस्त और बिखरे हुए बाल वाले लुक में देखा जा सकता है. धनुष को बढ़ी हुई दाढ़ी के साथ एक दीवार के सामने खड़े होकर कैमरे की ओर देखते हुए दिखाया गया है. दीवार पर धार्मिक चित्र में भगवान शिव को अन्नपूर्णा से भिक्षा प्राप्त करते हुए दिखाया गया है.

पोस्टर में अभिनेता को अस्त-व्यस्त और बिखरे हुए बाल वाले लुक में देखा जा सकता है। धनुष को बढ़ी हुई दाढ़ी के साथ एक दीवार के सामने खड़े होकर कैमरे की ओर देखते हुए दिखाया गया है। दीवार पर धार्मिक चित्र में भगवान शिव को अन्नपूर्णा से भिक्षा प्राप्त करते हुए दिखाया गया है। गोदावरी', 'हैप्पी डेज' और 'लव स्टोरी' जैसी तेलुगू फिल्मों के लिए मशहूर 'कुबेर' निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष के बीच यह पहला सहयोग है.

# बॉक्सिंग ड्रामा मैं लड़ेगा का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज, 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




आकाश प्रताप सिंह अभिनीत फिल्म मैं लड़ेगा का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फिल्म में आकाश प्रताप सिंह ने एक ऐसे बॉक्सर की भूमिका निभाई है, जो अपनी मां को उसके पिता से बचाने के लिए लड़ता है. ट्रेलम में दिखाया गया है कि किस तरह से एक साधारण लडक़ा एक बॉक्सर बन जाता है. फिल्म 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म को कथकार फिल्म्स के अंतर्गत अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्ता द्वारा निर्मित किया गया है. फिल्म का निर्देशन गौरव राणा ने किया है. फिल्म की कहानी भी आकाश प्रताप सिंह ने ही लिखी है.

'मैं लड़ेगा' एक छोटे शहर के परिवार की कहानी है, जहां मां को लगभग हर दिन अपने पति से घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। और यह अप्रिय माहौल आकाश के किरदार पर एक छाप छोड़ देता है। वह खुद को घर से दूर कर लेता है और बड़ा होकर एक मुक्केबाज बॉक्सर बन जाता है और वह इस टॉक्सिक पितृसत्ता से लड़ता है और अपने पिता से भिड़ जाता है, जो कई सालों से उसकी मां पर अत्याचार कर रहे थे। एक्शन से भरपूर, यह फिल्म भावनात्मक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों को निश्चित रूप से झकझोर रख देगी।

यह पोस्टर वास्तव में तनावपूर्ण पारिवारिक समीकरण और एक बेटे के अपनी मां के प्रति प्रबल प्रेम को दर्शाता है। दिल के आकार के बॉक्स दस्तानों के बीच में सेट की गई एक फटी हुई पारिवारिक तस्वीर को दिखाते हुए कहानी के भीतर पनप रहे तूफान की ओर इशारा करता है। अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त द्वारा निर्मित इस फिल्म को मुख्य अभिनेता आकाश प्रताप सिंह ने लिखा है। 'मैं लड़ेगा' का निर्देशन गौरव राणा ने किया है। अक्षय भगवानजी और आकाश प्रताप सिंह द्वारा स्थापित कथाकार फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और निर्मित मैं लड़ेगा 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


# शब्द सामर्थ्य- 37

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

# सू-दोकू- 37

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |